Toppersnotes
Unleash the topper in you

# P.T.I.

## शारीरिक शिक्षा अध्यापक

### 2ND GRADE / 3RD GRADE

प्रथम – प्रश्न पत्र

भाग – 3

## सामान्य अध्ययन (विश्व एवं भारत)

SIERRA INNOVATIONS

# सामान्य अध्ययन (भारत एवं विश्व)


| क्र.सं. | अध्याय | पृष्ठ संख्या |
|---|---|---|
| 1. | विश्व के महाद्वीप | 1 |
| 2. | विश्व के महासागर | 19 |
| 3. | विश्व की पवन प्रणाली | 31 |
| 4. | भारतीय भूगोल (विस्तार एवं स्थिति) | 38 |
| 5. | भारत के भौगोलिक भू-भाग | 43 |
| 6. | भारतीय मानसून तंत्र | 72 |
| 7. | भारत का अपवाह तंत्र | 81 |
| 8. | भारत की प्रमुख झीले | 96 |
| 9. | भारतीय कृषि | 100 |
| 10. | भारत की प्राकृतिक वनस्पति | 107 |
| 11. | भारत वन स्थिति रिपोर्ट- (2021 (ISFR 2021) | 111 |
| 12. | ऊर्जा संसाधन | 114 |
| 13. | भारत के उद्योग | 124 |
| 14. | विश्व एवं भारत की जनगणना | 129 |
| 15. | समाजिक सुरक्षा से संबंधित योजनाएँ | 138 |
| 16. | भारत की विदेश नीति एवं नेहरू का योगदान | 146 |
| 17. | भारत की विदेश नीति का विकास | 154 |
| 18. | संवैधानिक विकास की पृष्ठभूमि | 157 |
| 19. | भीमराव अंबेडकर एवं भारतीय संविधान का निर्माण एवं विशेषताएँ | 164 |
| 20. | भारत में संघीय व्यवस्था | 170 |
| 21. | संविधान के मूल अधिकार, नीति निदेशक तत्व एवं मूल कर्त्तव्य | 176 |
| 22. | भारत का राष्ट्रपति (भाग 5-संघ) | 180 |

| | | |
|---|---|---|
| 23. | भारत का उपराष्ट्रपति | 189 |
| 24. | भारत का प्रधानमंत्री एवं उसकी शक्तियाँ | 193 |
| 25. | संविधान संशोधन | 196 |
| 26. | राजनीतिक दल एवं उसकी भूमिका | 203 |
| 27. | संयुक्त राष्ट्र संघ एवं भारत का योगदान | 207 |
| 28. | भूमण्डलीकरण | 217 |
| 29. | दबाव समूह (Pressure Group) | 219 |
| 30. | भारत का विदेशी व्यापार | 223 |

# 1. विश्व के महाद्वीप

## महाद्वीप का अर्थ

आपस में जुडी भूमि को महाद्वीप कहा जाता है, पूर्व में महाद्वीप शब्द का प्रयोग प्रायद्वीपीय क्षेत्रों या टापुओं को कहा जाता था। विश्व में कुल सात महाद्वीप है

एशिया → अफ्रीका → उत्तरी अमेरिका → द. अमेरिका → अण्टार्कटिका → यूरोप → ऑस्ट्रेलिया

- सर्वप्रथम यूनानी भूगोलवेत्ता स्ट्रेबों ने विश्व को दो भागों में बाँटा है –
  1. एशिया
  2. यूरोप
- हेरोडोट्स ने तीन भागों में बाँटा है –
  1. एशिया
  2. यूरोप
  3. अफ्रीका
- अमेरिका की खोज–कोलम्बस 1492 ई. में।
- आस्ट्रेलिया की खोज – जेम्स कुक द्वारा।
- पृथ्वी के कुल भाग के केवल 29.2% क्षेत्रफल पर महाद्वीप स्थित है।
- पृथ्वी के 70.8% क्षेत्र पर जल का विस्तार है।

| महाद्वीप | क्षेत्रफल | जनसंख्या की दृष्टि से स्थान | क्षेत्रफल की दृष्टि से स्थान | सबसे लम्बी नदी | सबसे ऊँचा पर्वत | सबसे बडी झील | सागर से नीचे स्थित बिन्दू |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. एशिया | 30.6% | प्रथम | प्रथम | यांगटिसिक्यांग | माउण्ट एवरेस्ट | कैस्पियन सागर | मृत सागर |
| 2. अफ्रीका | 20% | द्वितीय | द्वितीय | नील | किलिमंजारो | विक्टोरिया झील | असल झील |
| 3. उत्तरी अमेरिका | 16.3% | चतुर्थ | तीसरा | मिसीसिपी मिसौरी | मउण्ट मैकिले | सुपीरियर | डैथ वैली |
| 4. दक्षिणी अमेरिका | 11.8% | पाँचवाँ | चौथा | अमेजन | एकांकागुआ | टिटीकाका | वाल्डेस प्रायद्वीप |
| 5. अंटार्कटिका | 9.6% | – | पाँचवाँ | – | विंसन मौसिफ | – | बेंण्टले ट्रेंच |
| 6. यूरोप **(2nd grade 1st Paper - 2019)** | 6.5% | तृतीय | छठा | वोल्गा | माउण्ट एल्ब्रूस | लैडोगा | कैस्पियन सागर |
| 7. आस्ट्रेलिया | 5.2% | छठा | सतवाँ | मर्रे डार्लिंग नदी | माउण्ट कोस्यूस्को | आयर | आयर झील |

# एशिया महाद्वीप

- एशिया जनसंख्या तथा क्षेत्रफल की दोनों ही दृष्टिकोण से विश्व का सबसे बडा महाद्वीप है, जो कि पूर्वी व उत्तरी गोलार्द्ध में अवस्थित है।
- एशिया का कुल क्षेत्रफल 4 करोड 50 लाख वर्ग कि.मी. है, जो कि विश्व के कुल स्थल भाग का लगभग एक–तिहाई भाग है।
- इस महाद्वीप की जनसंख्या लगभग 4.4 अरब है।
- यूराल पर्वत, कैस्पियन सागर, काकेकस पर्वत, काला सागर, लाल सागर इसे यूरोप महाद्वीप से अलग करते है।
- स्वेज नहर एशिया को अफ्रीका से अलग करती है।
- एशिया व उत्तरी अमेरिका बेरिंग जल संधि द्वारा तो एशिया व ऑस्ट्रेलिया, न्यूगिनी द्वीप द्वारा आपस में जुडे है।
- अनातोलिया का पठार (तुर्की) प्राचीन शैलों से बना है, जो पोण्टिक व टौरस पर्वत के मध्य स्थित है।
- एशिया में तटीय बेसिन व गोबी का विशाल ठण्डा मरूस्थल है।
- काराकोरम पर्वत श्रृंखला जम्मू कश्मीर तथा पाकिस्तान के उत्तर–पश्चिम भाग में फैली है, जिसकी सर्वोच्च चोटी गॉडवीन ऑस्टिन (8611 मी.) है, जो माउण्ट एवरेस्ट के बाद विश्व की दूसरी सबसे ऊँची चोटी है।
- एशिया में सिंधु, गंगा–ब्रह्मपुत्र, इरावदी, मेकाँग, सिक्यांग, यांगटिसिक्यांग, दजला–फरात, ह्वांगहो नदियों का उपजाऊ क्षेत्र है।
- एशिया का विशाल आकार, व्यापक अक्षांशीय विस्तार तथा उच्चावच, यहाँ के विविध जलवायु के कारक हैं, पूर्वी द्वीप समूह जहाँ विषुवतीय जलवायु मिलती है।
- पश्चिम एशिया में उष्ण एवं शुष्क जलवायु पाई जाती है एवं कई मरूस्थलों का विस्तार है।
- यहाँ की जलवायवीय भिन्नता प्राकृतिक वनस्पति एवं वन्य जीवों की विभिन्नता को जन्म देती है। यहाँ पर एक ओर आर्कटिक टुण्ड्रा की काई और लाइकेन, दूसरी ओर दक्षिण–पूर्व एशिया के सधन वर्षा वन पाए जाते है।
- एशिया के उत्तरी तट के सहारे टुण्ड्रा वनस्पति पाई जाती है। अत्यधिक ठण्ड के कारण यहाँ काई और लाइकेन जैसी सूक्ष्म वनस्पति पाई जाती है। रेण्डियर यहाँ का मुख्य पशु है।
- यहाँ टुण्ड्रा प्रदेश के दक्षिण में शंकुधारी वृक्षों वाली टेगा वनस्पति पाई जाती है। चीड, फर, स्प्रूस आदि महत्वपूर्ण है।
- यहाँ शीतोष्ण कटिबंधीय घास के मैदान पाये जाते है, जिसे स्टेपीज कहा जाता है।
- एशिया के नेपाल के दक्षिणी भाग में दलदली तराई भाग है, इसके उत्तरी भाग में हिमालय पर्वत है, जिसमें विश्व की सबसे ऊँची चोटी माउण्ट एवरेस्ट (सागरमाथा) है। जिसकी ऊँचाई 8848 मीटर है।
- पाकिस्तान सर्वाधिक नहरो वाला देश है।
- भूटान में भारत की मदद से चोखा जल विद्युत परियोजना, ताला जल विद्युत परियोजना चलाई जा रही है।
- तकला माकन का ठण्डा रेगिस्तान तारिम बेसिन में अवस्थित है।
- एशिया की सबसे लम्बी नदी यांगटिसिक्यांग (6300 कि.मी.) है जो चीन में बहती है।
- ह्वांगहो नदी को बाढ की विभीषिका के कारण चीन का शोक कहा जाता है।
- चीन विश्व में कृषि उत्पादों का सबसे बडा उत्पादक एवं उपभोक्ता है। चावल, गेहूँ, कपास, तम्बाकू के उत्पादन में प्रथम स्थान रखता है।
- जापान "सूर्योदय का देश" कहलाता है, यहाँ फ्यूजीयामा नामक सक्रिय ज्वालामुखी स्थित है।
- जापान में आने वाले उष्ण कटिबंधीय चक्रवात टायफून कहलाते है।
- इण्डोनेशिया की सबसे ऊँची चोटी पुनकाक जाया है व क्राकातोआ यहाँ का प्रसिद्ध ज्वालामुखी पर्वत है।

## एशिया में स्थित पर्वत

1. हिमालय – विश्व का सबसे ऊँचा पर्वत
2. फ्यूजीयामा – जापान का सबसे बडा पर्वत
3. एल बुर्ज – आर्मिनियन गांठ से संबंध (ईरान)
4. हिन्दुकुश – पामीर गांठ के पश्चिम भाग में स्थित
5. मकरान – ईरान के दक्षिण–पूर्व में स्थित
6. सारामती शिखर – म्यांमार का सबसे ऊँचा पर्वत
7. स्टालिन – रूस का सबसे ऊँचा पर्वत
8. गॉडविन ऑस्टिन K-2 – भारत की सबसे ऊँची चोटी
9. नमक, किरथर – पाकिस्तान
10. अराकान योमा – म्यांमार
11. यूराल, बैकाल – रूस
12. ओलम्पस – साइप्रस
13. माउन्ट ऐपो – फिलीपीन्स
14. थ्यानशान – चीन का सर्वोच्च शिखर

## एशिया में प्रमुख पठार

1. पामीर का पठार – ताजिकिस्तान (पामीर के पठार को दुनिया/विश्व की छत कहा जाता है।
2. अनातोलिया का पठार – तुर्की में स्थित है।
3. लोएस का पठार – उत्तरी चीन में स्थित है।
4. साइबेरिया का पठार – रूस में स्थित है।
5. तिब्बत का पठार – चीन के पश्चिम में स्थित है। यह विश्व का सबसे ऊँचा व सबसे बडा पठार है।

## एशिया की प्रमुख नदियाँ

1. यांगटिसीक्यांग – एशिया की सबसे लम्बी नदी जो चीन में स्थित है।
2. ह्वांगहो नदी – चीन का शोक, पीली नदी।
3. यूराल नदी – रूस के यूराल पर्वत से निकलकर कैस्पियन सागर में गिरती है।
4. जोर्डन नदी – इजरायल
5. दजला नदी – इराक
6. फरात नदी – तुर्की
7. सीक्यांग नदी – यूनान के पठार से उद्‌गम इस नदी का प्रदेश चावल की कृषि के लिए प्रसिद्ध है।
8. मीकांग नदी – तिब्बत के पठार से निकलकर दक्षिणी चीन सागर में गिरती है।

**नोट** – (i) मिकांग नदी को "दक्षिण–पूर्वी एशिया की डेन्यूब" कहा जाता है।
(ii) विश्व का सबसे बडा डेल्टा गंगा–ब्रह्मपुत्र नदी क्षेत्र में "सुन्दर वन डेल्टा" है।

## एशिया की प्रमुख झीलें

1. लेक बैकाल – यह विश्व की सबसे गहरी झील है जो रूस मे स्थित है।
2. लेक वॉन – विश्व की सबसे खारे पानी की झील है। जो तुर्की में स्थित है।
3. कैस्पियन सागर – विश्व की सबसे बडी व लम्बी झील जो दक्षिण–पश्चिम एशिया में स्थित है।
4. मृत सागर – संसार का सबसे गहराई/नीचे स्थित स्थान।

## एशिया की प्रमुख जल संधियाँ

1. मलक्का जल संधि – मलेशिया व इण्डोनेशिया के मध्य **[2nd Grade 1st Paper - 2016]**
2. बेरिंग जल संधि – प्रशान्त महासागर तथा आर्कटिक महासागर के मध्य (यह जल संधि एशिया को उत्तरी अमेरिका से अलग करती है) **[2nd Grade 1st Paper - 2019]**
3. पाक जल संधि – भारत तथा श्रीलंका के मध्य
4. फारमोसा जल संधि – पूर्वी चीन सागर तथा द. चीन सागर के मध्य (यह ताइवान व चीन के मध्य स्थित है)
5. होरमुज जल संधि – संयुक्त अरब अमीरात एवं ईरान के मध्य स्थित हैं।
6. सुण्डा जल संधि – जावा व सुमात्रा के मध्य।
7. बाव अल मंदेव जल संधि – लाल सागर व अदन की खाडी के मध्य स्थित है।

## एशिया के प्रमुख सागर

| क्र.स. | नाम | महासागरीय भाग |
|---|---|---|
| 1. | बेरिंग सागर | प्रशान्त महासागर |
| 2. | ओखोटस्क सागर | प्रशान्त महासागर |
| 3. | पूर्वी साइबेरियन सागर | आर्कटिक महासागर |
| 4. | दक्षिण चीन सागर | उत्तरी प्रशान्त महासागर |
| 5. | पूर्वी चीन सागर | प्रशान्त महासागर |
| 6. | लाल सागर | हिन्द महासागर |
| 7. | बंगाल की खाडी | हिन्द महासागर |
| 8. | अरब सागर | हिन्द महासागर |
| 9. | जावा सागर | प्रशान्त महासागर |

## एशिया के प्रमुख मरुस्थल

1. थार मरुस्थल – भारत व पाकिस्तान के मध्य
2. थाल मरुस्थल – पाकिस्तान
3. गोबी मरुस्थल – मंगोलिया
4. काला मरुस्थल – तुर्कमेनिस्तान

- जापान के ओसाका नगर को जापान का मैनचेस्टर कहते है।
- सर्वा. सूती वस्त्र के कारखाने चीन में है अतः इसके शंघाई शहर को चीन का मैनचेस्टर कहा जाता है।
- कौबा शहर (जापान) को खिलौना नगरी कहा जाता है।

## एशिया में कृषि

- विश्व में सर्वप्रथम कृषि एशिया में प्रारम्भ हुई, यहाँ की 60% आबादी कृषि पर निर्भर है।
- एशिया में सबसे अधिक कृषि योग्य भूमि भारत में है।
- कजाकिस्तान में स्टेपी घास के मैदानी क्षेत्र को एशिया की रोटी भी कहा जाता है।
- इण्डोनेशिया के मल्लका द्वीप को "मसालों का द्वीप" कहा जाता है।
- उज्बेकिस्तान में कपास की अधिकता के कारण इसे कपास का बोरा कहा जाता है।

## एशिया में स्थानांतरित कृषि के विभिन्न नाम

| | नाम | कृषि के नाम |
|---|---|---|
| 1. | इण्डोनेशिया | हुमाह / लडाग |
| 2. | श्रीलंका | चेन्ना |
| 3. | म्यांमार | टोंग्या (तोम्यो) |
| 4. | मलेशिया | लदांग |
| 5. | थाइलैण्ड | तमराई |
| 6. | उत्तरी–पूर्वी भारत | झूमिंग |
| 7. | राजस्थान | वालरा |

- एशिया महाद्वीप विश्व का सर्वाधिक चावल उत्पादक देश है। चीन को "चावल का कटोरा" कहा जाता है, भारत विश्व में चावल उत्पादन में दूसरा स्थान रखता है।
- अमेरिका सर्वाधिक मक्का उत्पादित करता है।
  चाय – भारत, श्रीलंका
  गन्ना – ब्राजील, भारत
  जूट – भारत, बांग्लादेश
  टर्की – फलों का स्वर्ग
  रेशम – चीन

## एशिया में खनिज उत्पादन

- खनिज तेल – ईरान, रूस, सऊदी अरब
- कोयला – चीन (उत्पादन प्रथम), रूस (भण्डार प्रथम)
- टीन – चीन, भारत
- सोना, चाँदी – रूस


## विभिन्न देशों के उपनाम

I. रत्नों का द्वीप – श्री लंका
II. मूँगों के द्वीपों का देश – मालदीव
III. एशिया का प्रवेश द्वार – तुर्की
IV. एशिया की नाडी – मंगोलिया
V. उगते सूरज का देश – जापान
VI. पेगोडों का देश – म्यांमार

- प्रशान्त महासागर का सबसे **गहरा गर्त मेरियाना ट्रैंच** है।
- रूस का **बर्खोयान्स्क विश्व** का सबसे ठण्डा प्रदेश है।
- विश्व का सर्वाधिक वर्षा वाला स्थान – मासिनराम (मेघालय), भारत
- विश्व का सबसे लम्बा रेलमार्ग – यिवु–मैड्रिड रेल्वे मार्ग
- यह रेल मार्ग 21 वीं शताब्दी का **"सिल्क रेलमार्ग"** कहा जाता है जो विश्व के 8 देशों से गुजरता है।
- ट्रांस–साइबेरियन रेलमार्ग :– विश्व का दूसरा लम्बा रेलमार्ग है। यह रूस के मास्को से जापान के ब्लाडीवोस्टक तक है।

# ऑस्ट्रेलिया महाद्वीप

- **यह विश्व का सबसे छोटा महाद्वीप है**, जो चारों ओर से सागरों से घिरा है। अतः इसे द्वीपीय महाद्वीप कहा जाता है।
- ऑस्ट्रेलिया सबसे कम जनसंख्या वाला महाद्वीप है जिनको जेम्स कुक के द्वारा 1770 में खोजा गया है।
- इसके उत्तर–पूर्व में प्रशान्त महासागर व दक्षिण–पश्चिम में हिन्द महासागर स्थित है।
- ऑस्ट्रेलिया 6 राज्य एवं 2 केन्द्र शासित प्रदेश में बँटा है।




| राज्य | राजधानी |
|---|---|
| प. आस्ट्रेलिया | पर्थ |
| द. आस्ट्रेलिया | एडीलेड |
| क्वीन्सलैण्ड | ब्रिस्बेन |
| न्यू साउथ वेल्स | सिडनी |
| उत्तरी क्षेत्र | डार्विन |
| विक्टोरिया | मेलबर्न |

| केन्द्र शासित प्रदेश | राजधानी |
|---|---|
| 1. केनबरा ऑस्ट्रेलिया केपिटल टेरीटरी (ACT) | केनबरा |
| 2. तस्मानिया | होबार्ट |

| नदियाँ | झील | पर्वत |
|---|---|---|
| 1. डार्लिंग नदी **[2nd Grade 1st Paer - 2016]**<br>2. मुर्रे नदी (सर्वाधिक लम्बी)<br>3. विक्टोरिया नदी<br>4. मुर्म ब्रिज या मुरुम बिडगी | 1. बार्ली<br>2. वेल्स<br>3. मूर<br>4. टोरेन्स<br>5. आयर (यह 6.ऑस्ट्रेलिया की सबसे बडी झील है) | 1. ग्रेट डिवाईडिंग रेंज<br>2. ब्लू माउन्टेन<br>3. ग्रे रेज<br>4. ऑस्ट्रेलियन आल्पस<br>5. ब्रोकन हिल्स<br>6. डस्टन श्रेणी<br>7. रेनाल्ड श्रेणी<br>8. ग्राम पियन श्रेणी<br>कोस्यूस्को यह ऑस्ट्रेलिया की सर्वोच्च चोटी है। **[2nd Grade 1st Paper - 2016]** |

| मरुस्थल | खनिज | परिवहन |
|---|---|---|
| 1. सिम्पसन<br>2. स्टुवर्ट<br>3. गिब्सन<br>4. ग्रेट विक्टोरिया मरुस्थल<br>5. ग्रेट सैंडी | 1. सर्वाधिक यूरेनियम<br>2. सोने के सर्वा. भण्डार कुलगार्डी, कालगुर्ली सोनें की खानें है।<br>3. कोयला, लौहा, मैंगनीज मुख्य खनिज है। | 1. ट्रांस कॉन्टिनेटल स्टुअर्ट हाइवे सबसे लम्बा सडक मार्ग है।<br>2. ऑस्ट्रेलिया में सडकों को कॉमन वैल्थ महामार्ग कहा जाता है।<br>3. ऑस्ट्रेलिया ट्रांस कॉन्टिनेटल रेलवे मार्ग ऑस्ट्रेलिया का सबसे लम्बा रेल मार्ग है। |

**नोट – आस्ट्रेलिया के उपनाम "द लैण्ड ऑफ गोल्डन फ्लीस" न्यू हॉलैण्ड**

- विश्व की सबसे लम्बी मूंगा निर्मित दीवार **"ग्रेट बैरियर रीफ"** इसके पूर्वी तट के पास प्रशान्त महासागर में स्थित है। इसे "पानी में बगीचा" भी कहा जाता है। **[2nd Grade 1st Paper - 2019]**
- ऑस्ट्रेलिया शुष्क महाद्वीप है अतः इसे प्यासी भूमि का देश कहा जाता है।
- यहाँ पाये जाने वाले **उष्ण कटिबंधीय एवं शीतोष्ण कटिबंधीय** घास के मैदानों को **सवाना, डाउन्स** कहा जाता है।
- यहाँ कंगारू, कोला, वलाबीज, वमटब, पोशमस आदि पशु–पक्षी पाये जाते है।
- ऑस्ट्रेलिया में पाये जाने वाले "कोकाबर्रा" को लॉफिंग जैकास कहा जाता है, क्योंकि उसकी बोली किसी के हँसने जैसी है।
- ऑस्ट्रेलिया सर्वा. ऊन उत्पादक महाद्वीप है, यहाँ विश्व प्रसिद्ध मेरीनो भेड पाली जाती है।
- ऑस्ट्रेलिया में पाया जाने वाला ऐमू बडे आकार का पक्षी है जो उड नहीं सकता लेकिन शुतुरमुर्ग की भाँति तेज दौड सकता है।


## अंटार्कटिका महाद्वीप

- यह विश्व का पाँचवा बडा महाद्वीप है, जो बर्फ से ढके होने के कारण **श्वेत महाद्वीप** कहलाता है।
- "फेबियन विलियम शॉसेन" अंटार्कटिका पहुँचने वाले प्रथम व्यक्ति थे।
- यह जनशून्य (मानव रहित) महाद्वीप है।
- ट्रांस अंटार्कटिका पर्वत इसको दो भागों में बाँटता है।
- यहाँ विश्व का सबसे बडा ग्लेशियर **लैंबर्ट** स्थित है।
- अंटार्कटिका की सर्वोच्च चोटी "विन्सन मैसिफ" है।
- यहाँ व्हेल व सील मुख्य स्तनधारी जीव पाये जाते है।

- अंटार्कटिका विज्ञान व वैज्ञानिको के लिए अनुसंधान स्थल होने के कारण इसे "विज्ञान के लिए समर्पित महाद्वीप" कहा जाता है।
- यहाँ पर पाये जाने वाले प्रथम भारतीय गिरिराज सिंह सिरोही थे, इनके नाम पर यहाँ एक स्थान का नाम सिरोही पॉईंट रखा गया है। यहाँ भारत का प्रथम वैज्ञानिक दल जेड. आर. कासिम के नेतृत्व में 1981 में गया था।
- भारत 1985 में अंटार्कटिका के समुद्रीय जैव संरक्षण के सदस्य बने।
- भारत ने 1984 में अंटार्कटिका पर पहला स्थायी शोध केन्द्र दक्षिणी गंगोत्री स्थापित किया था।
- मैत्री संस्थान – 1993 **[2nd Grade 2nd Paper SST - 2018]**
- भारती केन्द्र – 2009 **[2nd Grade 2nd Paper SST - 2018]**
- एर्बुस शिखर यहाँ एकमात्र सक्रिय ज्वालामुखी है।

## अफ्रीका महाद्वीप

- अफ्रीका महाद्वीप संसार का दूसरा बडा महाद्वीप है, जिसका क्षेत्रफल पृथ्वी के कुल क्षेत्रफल का 20% व विश्व की 12% जनसंख्या निवास करती है।
- अफ्रीका विश्व का सबसे प्राचीन स्थलखण्ड व गोंडवाना लैण्ड का भाग है।
- अफ्रीका महाद्वीप के उपनाम –
  1. काला महाद्वीप
  2. अंध महाद्वीप **[2nd Grade 1st Paper - 2019]**
  3. भविष्य का महाद्वीप
- अफ्रीका एक मात्र ऐसा महाद्वीप है जिनसे विषुवत रेखा (भूमध्य रेखा), कर्क रेखा, मकर रेखा तीनों अक्षांश रेखाएँ गुजरती है। अतः इस महाद्वीप का अधिकांश भाग ऊष्ण कटिबंधीय है।
- अफ्रीका महाद्वीप को एशिया से लाल सागर व यूरोप से भूमध्य सागर अलग करता है।




**नोट** – अफ्रीका महाद्वीप चारों गोलार्द्धों में स्थित है।

- अफ्रीका महाद्वीप एशिया से स्वेज जल संधि द्वारा जुडा हुआ हैं, वहीं यूरोप से जिब्राल्टर जल संधि जोडती है।

### जलवायु

- अफ्रीका महाद्वीप में ऊष्ण कटिबंधीय जलवायु का विस्तार है।

- यहाँ विश्व का सर्वा. तापमान $59^0c$ अल अजीजिया (लीबिया) में पाया जाता है।
- कांगो बेसिन व गिनी तट पर सर्वाधिक वर्षा होती है, यहाँ वर्षा शीत ऋतु में होती है व ग्रीष्म ऋतु शुष्क रहती है।
- अफ्रीका में ऊष्ण घास के मैदानों को सवाना तथा शीतोष्ण घास के मैदानों को वेल्डास कहा जाता है।

| अफ्रीका की पर्वत श्रेणी | नदियाँ | झीलें | मरुस्थल | खनिज | कृषि | अफ्रीका में स्थित बाँध |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. किलीमिंजारो (5895 मी.) अफ्रीका का सर्वोच्च शिखर है।<br>2. एटलस अफ्रीका में सर्वा. लम्बी पर्वत श्रृंखला है।<br>3. ड्रेकेसबर्ग पर्वत<br>4. किरियांग पर्वत (केन्या में स्थित) | नील नदी:– (6650 कि.मी) विश्व की सबसे लम्बी नदी है।<br>कांगो/जायरे –<br>इस नदी का अपवाह नील नदी से भी बडा है।<br>यह नदी भूमध्य रेखा को दो बार पार करती है।<br>स्टेनले जल प्रपात इसी नदी पर बना है।<br>अफ्रीका का हाइवे कहलाती है।<br>जेबेंजी नदी –<br>इस नदी पर विक्टोरिया जल प्रपात बना है जो विश्व का सबसे बडा जल प्रपात है।<br>लिंपोपो नदी –<br>यह मकर रेखा को दो बार काटती है।<br>ओरेंज नदी<br>नाइजर नदी | विक्टोरिया झील<br>यह अफ्रीका की सबसे बडी झील है।<br>टांगानिका झील<br>अफ्रीका की गहरी झील है।<br>न्यासाझील/मलावी झील<br>नासिर झील<br>रूडोल्फ झील<br>करीबा झील<br>चाड झील | सहारा का मरुस्थल<br>यह संसार का सबसे बडा मरुस्थल है।<br>कालाहारी मरुस्थल<br>इस मरुस्थल का विस्तार अफ्रीका तथा बोत्सवाना में है।<br>शुतुरमुर्ग यहीं पाया जाता है।<br>लिबिया का मरुस्थल<br>न्यूबियन मरूस्थल | 1. विश्व में हीरा, प्लेटिनियम, कोबाल्ट क्रोमियम में अफ्रीका का एकाधिकार है।<br>2. सोने की विश्व प्रसिद्ध खानें जोहान्सबर्ग (द. अफ्रीका) में है। सोने की प्रसिद्ध खान विंटवाटर्स रेंट<br>3. ओरेंज फ्री स्टेट यूरेनियम का प्रसिद्ध भण्डार है।<br>4. किंबरले व प्रिटोरिया हीरे की प्रसिद्ध खान है।<br>5. बॉक्साइट के सर्वा. भण्डार गिनी में पाये जाते है।<br>6. जायरे(कांगो) व कटगा(शाबा) प्रदेश ताँबा के लिए प्रसिद्ध है। | 1. संसार में सर्वा. लौंग की प्राप्ति यहीं से होती है, पेंबा व जंजीबार मुख्य उत्पादन कर्ता क्षेत्र है।<br>2. कपास :– नील नदी के डेल्टाई क्षेत्र में सर्वा. कपास होती है मिश्र की प्रमुख नगदी फसल कपास है।<br>सिसल – (तंजानियां)<br>कहवा – (बुरूण्डी)<br>कोको – (घाना)<br>मूंगफली – (गैम्बिया) | 1. सेन्नार बाँध – यह नील नदी पर सूडान में स्थित है।<br>2. आस्वान बाँध – यह नील नदी पर अफ्रीका का सबसे बडा बाँध है।<br>3. इन्गा बाँध :– यह जायरे नदी पर स्थित है।<br>4. कैंजी बाँध :– यह नाईजर नदी पर स्थित है।<br>5. ओवन बाँध<br>6. करीबा बाँध – यह बाँध जांबोजी नदी पर स्थित है। |

- मानव की उत्पत्ति का केन्द्र अफ्रीका महाद्वीप को माना जाता है।
- मलावी देश को अफ्रीका महाद्वीप का स्विट्जरलैण्ड कहा जाता है।
- केपकाहिरा रेलमार्ग अफ्रीका का सबसे लम्बा रेलमार्ग है जो केपटाउन को काहिरा से जोडता है।
- **मिस्त्र को "नील नदी का उपहार" कहा जाता है।**
- अफ्रीका के प्रमुख पत्तनो में केपटाउन सबसे बडा है। डरबन एवं पोर्ट एलिजाबेथ अन्य प्रसिद्ध पत्तन है।

## अफ्रीका में चलने वाली हवाएँ

1. हरमटन – गर्म हवा (नाइजीरिया)
2. गिबली – गर्म हवा (लीबिया)
3. डॉक्टर – गर्म हवा (लाइबेरिया)
4. सिराको – गर्म हवा (अल्जीरिया)
5. खमसिन – गर्म हवा (मिश्र)


## अफ्रीका की प्रमुख जनजाति

1. बुशमैन
2. पिग्मी, फांग, बटेका
3. बद्दू
4. मसाई
5. किकूयू, कम्बा
6. लुआ, बंगडा

- अफ्रीका महाद्वीप में मिस्त्र के किसानों को फैल्लाह कहा जाता है।
- मेडागास्कर द्वीप – खोज 1500 ई. में डियागा डायर द्वारा की गई। यह अफ्रीका का सबसे बडा द्वीप है, यह हिन्द महासागर में स्थित है, जो अफ्रीका तट से मोजाम्बिक चैनल द्वारा पृथक होता है।

## उत्तरी अमेरिका महाद्वीप

- यह विश्व का तीसरा बडा महाद्वीप है, इसका क्षेत्रफल विश्व के कुल क्षेत्रफल का 16.3% व जनसंख्या का 9% हिस्सा निवास करती है।



- उत्तरी अमेरिका का सबसे बडा द्वीप ग्रीनलैण्ड है जो डेनमार्क के अधिकार में है।
- इस महाद्वीप का सबसे बडा देश कनाडा है।

## प्रमुख सागर व खाडियाँ

| क्र.सं | नाम | महासागरीय भाग |
|---|---|---|
| 1. | कैरेबियन सागर | अटलांटिक महासागर |
| 2. | हडसन की खाडी | अटलांटिक महासागर |
| 3. | मैक्सिको की खाडी | अटलांटिक महासागर |
| 4. | बेरिंग सागर | प्रशान्त महासागर |
| 5. | कोरोनेडो की खाडी | प्रशान्त महासागर |
| 6. | ब्यूफोर्ट सागर | आर्कटिक महासागर |
| 7. | डैरियन की खाडी | कैरेबियन सागर, अटलांटिक महासागर |
| 8. | बैफिन की खाडी | अटलांटिक महासागर |
| 9. | पनामा की खाडी | प्रशान्त महासागर |
| 10. | कैलीफोर्निया की खाडी | प्रशान्त महासागर |
| 11. | लेब्रोडोर सागर | अटलांटिक महासागर |

## उत्तरी अमेरिका के पठार

1. लोरेंशिया का पठार – खनिज संसाधन से सम्पन्न यह पठार लेब्रोडोर प्रायद्वीप में स्थित है।
2. पीडमांट का पठार – यह संयुक्त राज्य अमेरिका के दक्षिण–पूर्व में स्थित है।
3. मैक्सिको का पठार – यह मैक्सिको में स्थित है।
4. कोलोरेडा का पठार – यह रॉकी व वासाच श्रेणियों के
5. कोलंबिया का पठार – यह रॉकी व कॉस्केड श्रेणियों के मध्य स्थित है।
6. ओजार्क का पठार – यह U.S.A के अरकसांस प्रान्त में स्थित है।


| उ. अमेरिका की नदियाँ | पर्वत | मरुस्थल, वनस्पति | झीलें | यातायात |
|---|---|---|---|---|
| 1. **मिसीसिपी मिसोरी –** यह उत्तरी अमेरिका की सबसे लम्बी नदी है जो रॉकी पर्वत से निकलती है।<br>2. **कोलम्बिया नदी –** इस नदी पर ग्रैडकूली एवं बोलबिल्ले बाँध स्थित है।<br>3. **सेंट लॉरेंस नदी –** यह विश्व की सबसे व्यस्त नदी है। नियाग्रा जल प्रपात इसी नदी पर है। | 1. **माउंट मैकिंले –** उ. अमेरिका की सबसे ऊँची चोटी जो अलास्का श्रेणी में स्थित है।<br>2. **अल्पेशियन पर्वत** – यह प्राचीन वलित पर्वत है।<br>3. **माउंट मिचेल –** यह अल्पेशियन श्रेणी में स्थित चोटी है।<br>4. **रॉकी पर्वत –** यह महाद्वीप के | 1. **सोनारन मरुस्थल** – यह मैक्सिको में स्थित एक गर्म मरुस्थल है।<br>2. **ग्रेट साल्ट लेक मरुस्थल**<br>3. **एरिजोना मरुस्थल –** केलिफोर्निया में स्थित गर्म मरुस्थल हैं।<br>4. **मोहाबे मरुस्थल** – केलिफोर्निया में स्थित गर्म मरुस्थल। | 1. **सुपीरियर झील** – यह विश्व की ताजे पानी की सबसे बडी झील है।<br>2. **ग्रेट लेक –** कनाडा व संयुक्त राज्य के सीमा पर स्थित झीलों का समूह इसमें निम्न झीले है।<br>• सुपीरियर<br>• ह्यूरोन<br>• इरी | 1. **पेन अमेरिकन हाइवे –** विश्व का सबसे बडा अन्तर्राष्ट्रीय हाइवे यह उत्तरी अमेरिका की दक्षिण अमेरिका से जोडता है। |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 4. **मैकेंजी नदी** – यह कनाडा की सबसे लम्बी नदी है।<br>5. **हडसन नदी**<br>6. **कोलोरैडो नदी** – विश्व प्रसिद्ध ग्रैंड कैनियन इसी नदी पर स्थित है।<br>7. **स्नैक नदी**<br>8. **रियोग्रैडी नदी**<br>9. **रेड नदी**<br>10. **मिसौरी नदी**<br>11. **यूँकान नदी** | पश्चिम में स्थित है, इस पर्वतीय क्षेत्र को पश्चिमी कार्डिलेरा कहते है।<br>5. **माउंट एलबर्ट**<br>6. **माउंट रेनियर**<br>7. **पोपोकेट पिटल**<br>8. **ब्रुक रैंज**<br>9. **ओरिजाबा**<br>10. **माउंट ओचिता** | 5. **सियरा नेवादे मरुस्थल** | • ओंटारियों<br>• मिशीगन<br>3. **ग्रेट साल्ट झील**<br>4. **ग्रेट स्लेव झील**<br>5. **ग्रेट बियर झील** | 2. **द केटी फ्रीवे हाइवे** – विश्व का सबसे चौडा हाइवे।<br>3. **सेंट लॉरेंस नदी व ग्रेट लेक** का जल मार्ग संसार का सबसे व्यस्त अतः स्थलीय जल मार्ग है।<br>4. विश्व का सबसे व्यस्त हाइवे 401 ओंटारियों, कनाडा है। |

- उत्तरी अमेरिका के मध्यवर्ती भागों में निम्न वायुदाब के कारण महासागर की तरफ चलने वाली तेज हवाओं से तूफान उत्पन्न होते है। इन तूफानों को टारनेडो, हरिकेन कहा जाता है।
- उत्तरी अमेरिका में शीतोष्ण घास के मैदानों को प्रेअरी कहा जाता है।
- यहाँ शीत ऋतु में बहने वाले गर्म हवा को चिनूक कहते है जो बर्फ को पिघला देती है अतः इसे हिम भक्षिणी हवा कहते है।
- उ. अमेरिका में विशाल पशु फार्म को रैंच व उनकी देखभाल करने वाले को काओबॉय कहा जाता है।
- यहाँ शीत, बसन्त कालीन दोनों प्रकार का गेहूँ उगाया जाता है।
- क्यूबा को चीनी का कटोरा कहा जाता है।
- पनामा नहर के दो बंदरगाह **कोलन** और **पनामा** है।
- **डेट्राइट** को अमेरिका वाहन उद्योग का सिरमौर कहा जाता है।
- अप्लेशियन कोयले के भण्डार के लिए प्रसिद्ध है।
- पनामा नहर का कोलन बंदरगाह कैरेबियन सागर तट पर स्थित है।
- कनाडा में टुण्ड्रा, टेगा, प्रेयरी, प्रकार की वनस्पति पेटियाँ पाई जाती है।
- अमेरिका मक्का, सोयाबीन के उत्पादन में प्रथम स्थान पर है।
- शिकागो संसार की सबसे बडी माँस मण्डी है।
- **न्यू फाउण्ड लैण्ड** (कनाडा) के तट के निकट **ग्रांड मत्स्य बैंक** संसार भर में प्रसिद्ध है।
- ओंटारियों (कनाडा)में सोने की विश्व प्रसिद्ध खान है।
- मैक्सिको का चाँदी उत्पादन में प्रथम स्थान है।
- कम्प्यूटर व सूचना प्रौद्योगिकी का प्रमुख विकास केलिफोर्नियां की सिलिकन वैली में केन्द्रित है।
- पनामा नहर – यह अटलांटिक महासागर को प्रशान्त महासागर से जोडती है।

# दक्षिणी अमेरिका

- दक्षिणी अमेरिका क्षेत्रफल की दृष्टि से चौथा व जनसंख्या की दृष्टि से पाँचवाँ स्थान रखता है।




- मकर रेखा इस महाद्वीप के मध्यम से होकर गुजरती है, वहीं कर्क रेखा अमेजन–बेसिन से निकलती है।
- इस महाद्वीप के पूर्व में अटलांटिक महासागर व पश्चिम में प्रशान्त महासागर फैला है। पनामा नहर इस महाद्वीप को उत्तरी अमेरिका से अलग करता है, वहीं ड्रैकेन पैसेज दक्षिण अमेरिका को अंटार्कटिका महाद्वीप से अलग करता है।

| द. अमेरिका की झीलें | पर्वत | नदियाँ | मरुस्थल | खनिज |
|---|---|---|---|---|
| 1. **टिटिकाका झील –** यह विश्व की सबसे मीठे पानी की झील है जो बोलिविया के पठार मे स्थित है।<br>2. **मरैकेबा झील** –द. अमेरिका की सबसे बडी झील जो वेनेजुएला में स्थित है।<br>3. **पोपो/पूपो झील** | 1. **एंडीज पर्वत –** (7000 कि.मी.) यह द.अमेरिका के पश्चिम तट पर स्थित नवीन पर्वत श्रृंखला है जो विश्व की सबसे लम्बी व हिमालय के बाद दूसरे स्थान की ऊँची पर्वत श्रृंखला है।<br>2. **एकांकागुआ** – यह एंडीज पर्वत की सबसे ऊँची चोटी है जिसकी ऊँचाई 6962 मी. के लगभग है जो अर्जेन्टीना में स्थित है।<br>3. **एंकोह्यूमा** | 1. **अमेजन नदी–** यह विश्व की अपवाह की दृष्टि से सबसे बडी नदी व द. अमेरिका की सबसे लम्बी नदी है। जो एंडीज पर्वत से निकलकर अटलांटिक महासागर मे गिरती है।<br>2. **पराना/पराग्वे नदी –** ये दोनो नदियाँ एश्चूरी डेल्टा बनाती है व इनकी संयुक्त जलधारा को लाप्लाटा कहा जाता है।<br>3. **टेनेसी नदी** – इस पर विश्व की प्रथम जल विद्युत परियोजना है।<br>4. **ओरिनिको** – इस नदी की सहायक नदी कैरू नदी पर संसार का सबसे ऊँचा एंजिल जल प्रपात स्थित है।<br>5. **पुरूष नदी**<br>6. **चिबुर व नेग्रा नदी**<br>7. **उरूग्वे नदी**<br>8. **साओफ्रांसिस्को नदी** | 1. **पेंटागोनिया का मरुस्थल –** यह पंपास के दक्षिण व एंडीज के पूर्व में स्थित है।<br>2. **अटाकामा का मरुस्थल –** यह चिल्ली व पेरू में स्थित संसार का सबसे सूखा प्रदेश है। | 1. **ताँबा –** चिली ताँबा व नाइट्रेट का सबसे बडा उत्पादक देश है, चिली में चुक्की का माता खान ताँबा उत्पादन के लिए प्रसिद्ध है।<br>2. **चाँदी –** पेरू विश्व का सर्वा. चाँदी भण्डारण वाला देश है।<br>3. **पन्ना –** विश्व का सर्वा. पन्ना कोलम्बिया में पाया जाता है।<br>4. **मैंगनीज –** विश्व की सबसे बडी खान अमापा (ब्राजील) है। |

**नोट** – (i) ब्राजील के ऊष्ण कटिबंधीय सदाबहार वनों को पृथ्वी के फेफडे कहा जाता है।

(ii) द. अमेरिका के इक्वेडोर के दक्षिण–पश्चिम भाग में गन्गोपस द्वीप स्थित है।

- द. अमेरिका को पक्षियों का महाद्वीप कहा जाता है।
- यहाँ अन्नाकोंडा नामक विश्व का सबसे बडा व लम्बा सर्प पाया जाता है।
- द. अमेरिका में हर्मिंग बर्ड विश्व का सबसे छोटा पक्षी मिलता है।

**फसलें**

1. गन्ना – विश्व में सर्वा. गन्ना ब्राजील उत्पादन करता है।
2. गेंहूँ – पम्पास घास के मैदान गेहूँ के प्रमुख उत्पादक क्षेत्र है।
3. कहवा – ब्राजील कहवे का विश्व में सर्वा. उत्पादन व निर्यातक देश है।

- ब्राजील में कहवे के विशाल मैदानों को फैजेण्डा कहा जाता है।
- साओपालो संसार की सबसे बडी कहवा मण्डी है।
- पम्पास क्षेत्र में पशुओ के लिए उपयोगी अल्फा–अल्फा नामक घास उगाई जाती है।
- द. अमेरिका का सबसे लम्बा रेलमार्ग ट्रांस एंडियन रेलमार्ग है जो अर्जेंटीना (ब्यूनस आयर्स) को चिली (वाल परेज) से जोडता है।
- अर्जेंटीना और चिली भेड के उत्पादन के लिए प्रसिद्ध है।
- अर्जेंटीना में पशुओं की देखभाल करने वाले को ग्वाचो व पशुओं के बडे चारागाही फार्मो को इस्टेनसियास कहते है।

**ज्वालामुखी**

1. चिम्बारेजी – विश्व का सक्रिय ज्वालामुखी है, जो इक्वेडोर में स्थित है।
2. कोटोपैक्सी – यह भी संसार का सक्रिय ज्वालामुखी है **जो विश्व का सबसे ऊँचा ज्वालामुखी** है।

## द. अमेरिका के घास के मैदान

**पंपास** – अर्जेंटीना में पाए जाने वाले शीतोष्ण घास के मैदान को कहते है।
**सेल्वास** – ब्राजील में स्थित विषुवतीय वर्षा वन जो अमेजन नदी क्षेत्र में पाए जाते है।
**ग्रानचाको** – उष्ण कटिबंधीय घास प्रदेश जो बोलिविया, अर्जेंटीना, पराग्वे में स्थित है।
**कंपास** – ब्राजील में स्थित घास के मैदान


## द. अमेरिका के प्रायद्वीप खाडी एवं जलसंधि

1. **ताइताव प्रायद्वीप** – चिली में स्थित प्रशान्त महासागर व पेनास की खाडी से घिरा प्रायद्वीप है।
2. **वाल्देज प्रायद्वीप** – अर्जेटीना में स्थित स्थल है।
3. **पेनाम की खाडी –** प्रशान्त महासागर में स्थित (चिली) है।
4. **ग्वायाकिल की खाडी –** प्रशान्त महासागर (इक्वेडोर)
5. **सैन मेटियास की खाडी –** अटलांटिक महासागर में स्थित है।
6. **मैग्लेन जल संधि –** यह जल संधि प्रशान्त महासागर व अटलांटिक महासागर को जोडती है।

**फॉकलैण्ड द्वीप समूह** – अटलांटिक महासागर में स्थित द्वीप जिस के लिए ब्रिटेन एवं अर्जेंटीना के मध्य विवाद है।

# यूरोप महाद्वीप

- यूरोप जनसंख्या की दृष्टि से तीसरा व क्षेत्रफल की दृष्टि से विश्व का छठा स्थान रखता है।




- काला सागर व काकेशस पर्वत यूरोप को एशिया महाद्वीप से अलग करते है।
- यूरोप व एशिया एक ही भू–भाग से होने के कारण इसे **यूरेशिया** भी कहा जाता है।
- यूरोप महाद्वीप तीन तरफ से पानी से घिरा है अतः इसे प्रायद्वीपीय महाद्वीप कहा जाता है।

| यूरोप के पर्वत | नदियाँ | झीलें | कृषि व घास के मैदान |
|---|---|---|---|
| 1. **काकेशस पर्वत –** (रूस) माउन्ट एलब्रुस पर्वत चोटी (जार्जिया) यूरोप की सर्वा. ऊँची चोटी है।<br>2. **आल्पस पर्वत –** फ्रांस को इटली से अलग करता है।<br>3. **यूराल पर्वत –** यूरोप से एशिया को अलग करता है। **[2nd Grade 1st Paper - 2018]**<br>4. **पिरेनीज पर्वत –** फ्रांस को स्पेन से अलग करता है।<br>5. **कैब्रियन पर्वत –** (वेल्स)<br>6. **बर्खोयान्स्क** – (रूस)<br>7. कारपेथियन – (स्पेन)<br>8. **बाल्कन** – (बुल्गारिया)<br>9. **एपेनाइन –** (इटली)<br>10. **एजबर्ग** – (जर्मनी) | 1. **वोल्गा –** यह यूरोप की सबसे लम्बी नदी है।<br>2. **सीन नदी (फ्रांस)–** पेरिस इसी नदी के किनारे स्थित है।<br>3. **डेन्यूब नदी –** यह जर्मनी के ब्लैक फोरेस्ट से निकलकर काला सागर में गिरती है।<br>4. **राइन नदी –** यूरोप की सबसे व्यस्त अन्तः स्थलीय जलमार्ग राइन नदी है। यह नदी दरार घाटी (रिफ्ट धारी) के लिए प्रसिद्ध है।<br>5. **पो नदी** – इसे इटली की गंगा कहा जाता है।<br>6. **टाइबर नदी(इटली) –** रोम इसी नदी के किनारे स्थित है। | फिनलैण्ड को हजार झीलों की भूमि कहा जाता है।<br>1. **लेक लाडोगा –** यह यूरोप की सबसे बडी झील है, जो फिनलैण्ड की खाडी के पास स्थित है।<br>2. **कैस्पियन सागर झील–** यह विश्व की सबसे बडी खारे पानी की झील है।<br>3. **ओनेगा झील (यूरोप)**<br>4. **वेनर्न झील (स्वीडन)**<br>5. **एवरन झील (इटली)**<br>6. **आइसेल झील (नीदरलैण्ड)**<br>7. **कान्सेटेन्स झील (जर्मनी)** | 1. समुद्र तट के किनारे दलदली भाग को सुखाकर कृषि योग्य बनायी गई भूमि को पोल्डर कहा जाता है।<br>2. गेहूँ यूरोप का मुख्य खाद्यान्न है।<br>3. यूरोप में संपूर्ण शक्कर चुकन्दर से बनाई जाती है।<br>4. द. अमेरिका के स्विट्जरलैण्ड व रोमानिया में अल्पाइन घास के मैदान पाये जाते है।<br>5. यहाँ यूक्रेन व बेलारूस में स्टेपीज घास के मैदान पाये जाते है। |